Regarding Patna-Buxar National Highway Project-laid

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि पटना बक्सर प्रोजेक्ट साल 2009 को तीन खण्डों में विभक्त कर बनाने की प्रक्रिया चली । पटना बक्सर प्रोजेक्ट पटना से होते हुए बक्सर तक बनाना था लेकिन उक्त प्रोजेक्ट को बक्सर से बिहटा तक बना दिया गया था तथा आम जनों के हाथों में सुपुर्द कर दिया गया परंतु उसी प्रोजेक्ट में दानापुर से लेकर बिहटा तक सरकार एलिवेटेड रोड का निर्माण स्वीकृत है । पटना से बिहटा तक जो राष्ट्रीय राजमार्ग बननी थी वह मौजा चितकोहरा से आरंभ होकर मौजा नत्थुपुरा, हसनपुरा, बेऊर, कुरकुरी पकड़ी होते हुए भूसौला दानापुर एम्स तक लगभग 10 किलोमीटर निर्माण को छोड़ दिया गया है. जबकि भारत सरकार द्वारा जमीन का भुगतान भी कर दिया गया है । प्रोजेक्ट पटना, गया, डोभी जो मौजा नत्थुपुर से होकर गया, बडोभी तक बननी है, वह भी प्रोजेक्ट लगभग पूरा होने वाला है । अनुरोध है कि अगर भारत सरकार चाहे तब उसी एलाइनमेंट में (पटना, गया, डोभी) में नत्थुपुर से लेकर हसनपुर, बेऊर, कुरकुरी, फुलवारी होते हुए पटना एम्स तक जोड़ कर निर्माण कर दिया जाए जिससे उक्त प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा और आमजनों को सहूलियत भी मिल जाएगी । पटना बक्सर प्रोजेक्ट में केवल मौजा नत्थुपुर, हसनपुर, बेऊर, कुरकुरी से लेकर भूसौला दानापुर एम्स तक निर्माण कर दिया जाए जो केवल 8 किलोमीटर के आसपास है तो पटना बक्सर प्रोजेक्ट भी पूरा हो जाएगा । पटना अनिसाबाद बाईपास अत्यधिक जाम रहने के कारण लगभग 3 लाख लोगों की आबादी को रास्ता सुगम बनाया जा सकता है । अतः सरकार से अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में जनहित को ध्यान में रखते हुए यथोचित कार्रवाई करने का कष्ट करेंगे ।

सादर ।